मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 216 ■ रविवार, 17 नवंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# चुनावी मैच के अंतिम ओवर में गंगोत्री मारेंगे सिक्स -बाजपेई





## ■ अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री को मिला मुस्लिम समुदाय का समर्थन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) का चुनाव प्रचार उल्हासनगर-1, 2 व 3, म्हारल, वरप व कांबा में जोरों पर चल रहा है। कम समय में इतनी तेजी से मतदाताओं से रूबरू होने का मौका गंगोत्री को जो मिला है और मैच के इस अंतिम ओवर में गंगोत्री सिक्स मारेंगे ऐसा उनके करीबी बाजपेई का कहना है। उन्होंने कहा कि हमेशा से ही शहर में दो ही परिवार राज करते आए हैं और दोनों ही शहर विकास करने में फेल हुए हैं ऐसे में इस बार गंगोत्री को वोट देकर चेहरा बदलो शहर बदलेगा की मुहिम के तहत शहरवासियों को मौका मिला है उसका लाभ जरूर उठाएं और गंगोत्री को वोट देकर विजयी बनाए। गंगोत्री ने उल्हासनगर की प्रसिद्ध मस्जिद में जाकर मुस्लिम समाज से मुलाकात की जहां उन्हें मुसलमान ने अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है। गंगोत्री का इन दिनों रीजेंसी एंटीलिया, थारवानी बिल्डिंग सहित म्हारल, वरप व कांबा में प्रचार जोरों पर चल रहा है। उन्हें शहर के वरिष्ठ नागरिकों सहित नई पीढ़ी का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को वो तगड़ी टक्कर दिए हुए हैं।

# चुनाव के लिए जिला प्रशासन तैयार

## ■ नागरिकों ने बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील
## ■ राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना चाहिए - जिला निर्वाचन अशोक शिनगारे






**ठाणे.** विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर 2024 को मतदान हो रहा है. ठाणे जिले में विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पूरा ठाणे जिला प्रशासन मतदान प्रक्रिया के लिए तैयार है। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने ठाणे जिले के नागरिकों से बड़ी संख्या में मतदान कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की अपील की है.

15 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता की घोषणा के बाद चुनाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया.

### छह निर्वाचन क्षेत्रों में दो बैलेट यूनिट

ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 244 उम्मीदवार मैदान में हैं। 138 कल्याण पश्चिम, 140 अंबरनाथ (एजे), 141 उल्हासनगर, 142 कल्याण पश्चिम, 145 मीरा भयंदर, 150 ऐरोली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के कारण दो बैलेट इकाइयां होंगी.

### ठाणे जिले में 18 विधानसभा क्षेत्र

ठाणे जिले में 134 भिवंडी ग्रामीण, 135 शाहपुर (अजजा), 136 भिवंडी पश्चिम, 137 भिवंडी पूर्व, 138 कल्याण पश्चिम, 139 मुरबाड, 140 अंबरनाथ, 141 उल्हासनगर, 142 कल्याण पूर्व, 143 डोंबिवली, 144 कल्याण ग्रामीण, 145 मीराभाईंदर, 146 ओवला माजीवाड़ा, 147 कोपरी पाचपाखाड़ी, 148 ठाणे, 149 कलवा-मुंब्रा, 150 ऐरोली, 151 बेलापुर 18 निर्वाचन क्षेत्रों में शामिल हैं . प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 18 चुनाव रिटर्निंग अधिकारी और 18 सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए।

### मतदान केन्द्रों पर 30,868 व्यक्तियों की नियुक्ति

ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 6 हजार 955 मतदान केंद्र हैं और मतदान के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान केंद्र अध्यक्ष, तीन मतदान अधिकारी, एक कांस्टेबल और एक पुलिसकर्मी की एक टीम काम करेगी। मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए 6 हजार 955 मतदान केंद्रों पर कुल 30 हजार 868 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें 7 हजार 717 मतदान केंद्र अध्यक्ष, मतदान अधिकारी-1 7 हजार 717, अन्य मतदान अधिकारी 15 हजार 434 शामिल हैं। मतदान केंद्रों पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और मतदान केंद्रों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

### ■ जिले में 6955 मतदान केंद्र तैयार

ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 6894 प्राथमिक मतदान केंद्र और 61 सहायक मतदान केंद्र सहित कुल 6955 मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल 8273 बैलेट यूनिट, 8273 कंट्रोल यूनिट और 8962 वीवीपैट की जरूरत होगी . कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र पर स्थापित मशीनों का अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निरीक्षण कर लिया गया है तथा मतदान केंद्र की सभी मशीनों को सील करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है .

### ■ अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर होंगे ताकि मतदाता आसानी से मतदान कर सकें . पेयजल की सुविधा, कतार में खड़े मतदाताओं के लिए कुर्सियों की सुविधा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हील चेयर की सुविधा, रैंप की सुविधा, चिकित्सा सुविधा, पेयजल की सुविधा, शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी . इसके अलावा, यदि एक ही स्थान पर कई मतदान केंद्र हैं, तो मतपत्र पर अलग-अलग रंगों का उपयोग किया जाएगा। जिससे मतदाताओं का मतदान के लिए समय बचेगा। मतदान केन्द्र पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया है। 19 नवम्बर 2024 को सभी मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना होंगे।

### ■ विकलांगों और वरिष्ठों के लिए सुविधाएँ

नेत्रहीन और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है और दिव्यांग मतदाताओं को 'सक्षम प्रणाली' के माध्यम से अनुरोधित मतदान केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है और दिव्यांग बिना कतार में लगे मतदान कर सकेंगे। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी की गई है।

# 20 नवंबर को व्यापारी शत-प्रतिशत मतदान करें -शंकर लालवानी

**■ महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी को जीताने की अपील**

## ■ शिक्षक आघाड़ी के स्नेह मिलन में शामिल हुए लालवानी



**उल्हासनगर।** शहर में विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है शनिवार को भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी व इंदौर से खासकर चुनाव प्रचार के लिए शहर के दौरे पर आए इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने शहर के व्यापारियों के साथ मुलाकात की और उनसे 20 नवंबर को होने जा रहे चुनाव में मतदान करने की अपील किया।

दोनों नेताओं ने व्यापारियों से कहा कि हमारे लोकतंत्र में मतदान का दिन एक महापर्व है और 20 नवंबर को हम यह पर्व मनाने जा रहे हैं इसलिए अपना व्यापार शुरू करने से पहले मतदान करें और व्यापारियों का मतदान शत प्रतिशत हो इस उत्साह के साथ बूथ पर पहुंचें। पहले मतदान फिर जलपान के विचार पर व्यापारी काम करते हुए कुमार आयलानी को भारी मतों से विजयी बनाएं यह अपील लालवानी ने किया।

भाजपा शिक्षक आघाड़ी के द्वारा कुमार आयलानी को भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार फिर से शहर का नेतृत्व उनके हाथ मे मिल सके इसके लिए एक स्नेह सम्मेलन का आयोजन टाउन हॉल में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में शिक्षक, शहर के नागरिक व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस आयोजन में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी को मुख्य अतिथि के रूप

# महात्मा गांधी विद्यालय में होगी वोटों की गिनती

## ■ यहां पर है स्ट्रांग रूम
## ■ कुल 1470 प्रशासकीय कर्मचारी तैनात
## ■ कुल वोट 4 लाख 74 हजार 664

⏭ यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मतदार संघ में कुल 1470 प्रसासकीय कर्मचारी तैनात किए गए हैं. चुनाव शांति से संपन्न हो और मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासकीय यंत्रणा पूरी तरह तैयार है. मतदाताओं को धूप की परेशानी ना हो, इसका खास ख्याल रखा गया है. ऐसी जानकारी चुनाव निर्णय अधिकारी प्रशांत जोशी ने दी है.

विदित हो कि 20 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. अंबरनाथ महात्मा गांधी विद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाया गया है. यहां से 19 नवंबर की शाम में मतपेटी ईवीएम मशीनें वितरित की जाएंगी और 20 नवंबर को देर रात तक ये मशीनें यहीं पर जमा की जाएंगी. 23 नवंबर को सुबह से महात्मा गांधी विद्यालय में ही मतगणना होगी.

23 की रात तक कौन उम्मीदवार विजयी हुआ है, ये घोषित किया जाएगा. 19, 20 और 23 को ट्रैफिक में बदलाव भी किया गया है. 370 पुलिस कर्मचारी तैनात होंगे. कुल मतदान केंद्र 339 हैं. बैलेट यूनिट 372 हैं, कंट्रोल यूनिट 372 हैं. वीवीपैट 370 है. मेणबत्ती 360 है. 680 स्याही की बोतलें वितरित की जाएंगी.

विदित हो कि अंबरनाथ मतदार संघ में कुल वोट 3 लाख 74 हजार 664 में से पुरुष 1,99,272 है. महिला मतदाता 1 लाख 75 हजार 333 व तृतीयपंथी मतदाता 59 हैं. कुल 22 उम्मीदवार मैदान में हैं. मुख्य मुकाबला शिवसेना शिंदे के डॉ. बालाजी किणीकर और शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेड़े के बीच है. शेष 20 उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

## बदलापुर MIDC इलाके में भीषण आग



**बदलापुर.** बदलापुर एमआईडीसी इलाके में एक गोदाम में आग लग गई है, यह गोदाम मानकीवली एमआईडीसी के एक ब्लॉक में है, यहां अचानक से एक ब्लॉक में केमिकल के ड्रम रखे हुए थे, जिससे आग तेजी से फैल गई मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई है और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं।

# साहुकारों ने मुझे जेल भेजा, गरीबों की दुआओं ने दी जिंदगी -पप्पू कालानी

**राकांपा उम्मीदवार ओमी कालानी की प्रचार सभा को भरपूर समर्थन**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर के लोक नेता पप्पू कालानी ने कल उल्हासनगर-2 स्थित आजाद नगर में अपने पुत्र राकांपा उम्मीदवार ओमी कालानी की प्रचार सभा में कहा कि मेरी साहुकारों के साथ कभी जमी नहीं, मैं हमेशा से ही घोर गरीब जनता के बीच में रहा हूं और उनकी समस्याओं को हल किया है जिस कारण साहुकार मेरे हमेशा दुश्मन ही रहे। उन साहुकारों ने ही मुझे फंसाया और जेल भेजा लेकिन आप गरीबों की दुआओं के कारण मुझे नई जिंदगी मिली नहीं तो साहुकार यह चाह रहे थे कि जेल से मेरी लाश ही बाहर है। इसलिए मैं वापस आप लोगों की सेवा में हाजिर हुआ हूं मैं सरकारी अरचन के कारण चुनावी मैदान में नहीं उतर सकता लेकिन शहर का बेटा ओमी कालानी अब आपकी समस्याओं का समाधान करेगा। शहर में हम गरीबों को अच्छी शिक्षा देंगे ताकि वो भविष्य में वकील, डॉक्टर व इंजीनियर बन पाएं। साथ ही घोर गरीबों के लिए जो आरोग्य सेवा का

# उल्हासनगर-5 का डम्पिंग ग्राउंड सरकार की देन- रोहित सालवे

**अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में 15 वर्षों में नहीं हुआ विकास - राजेश वानखेडे**

## ■ महाविकास आघाड़ी उम्मीदवार को जिताएं -रोहित सालवे
## ■ जनता को भरोसा महायुति पर नहीं - वानखेडे
## ■ सुभाष टेकडी परिसर में वानखेडे की निकली भव्य रैली




**उल्हासनगर.** अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से महाविकास आघाड़ी शिवसेना उबाठा के अधिकृत उम्मीदवार राजेश वानखेडे का प्रचार कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित सालवे ने कहा कि उल्हासनगर 5 का डम्पिंग ग्राउंड सरकार की देन है।अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में 15 वर्षों में नहीं हुआ विकास है ऐसे में महायुति सरकार हटाओ और महाविकास आघाड़ी उम्मीदवार राजेश वानखेडे को भारी मतों से विजई बनाए। वहीं शिवसेना उम्मीदवार राजेश वानखेडे ने कहा कि अंबरनाथ में प्रदीप पाटिल की कांग्रेस में वापसी से विपक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गई है, वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं पर झूठे अपराधों में फंसाने का आरोप लगाया है, उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन वह चुने जाएंगे, उस दिन वह उल्हासनगर 5 सुभाष टेकडी स्थित डा.बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे उन्होंने बाइक रैली के जरिए घर-घर जाकर प्रचार किया है.

# कैम्प-4 के मुख्य बाजार में सुलभा गायकवाड़ का जोरदार प्रचार

## ■ प्रणव गणपत गायकवाड का डोर टू डोर प्रचार
## ■ भाजपा को जिताने की अपील
## ■ व्यापारियों का मिल रहा प्रतिसाद





**कल्याण.** कल्याण पूर्व से महायुति उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ का प्रचार जोरों पर चल रहा है। कल उल्हासनगर 4 के मुख्य बाजार में उनके पुत्र प्रणव गणपत गायकवाड का डोर टू डोर प्रचार देखा गया जहां उन्होंने भाजपा को जीताने की अपील की। यहां के व्यापारियों का भरपूर प्रतिसाद उन्हें मिल रहा है। उल्हासनगर-4 में व्यापारी संघटना के अध्यक्ष हरेश कृष्णानी के साथ दुकान डोर-टू-डोर प्रचार किया इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से मुलाकात कर भाजपा के विकास कार्यों और माता सुलभा गायकवाड़ की योजनाओं को लेकर चर्चा की। प्रचार को क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। प्रचार अभियान के दौरान प्रणव गायकवाड़ ने मतदाताओं से भाजपा को समर्थन देने और सुलभा गायकवाड़ को विजयी बनाने की अपील की इस रैली में भाजपा वरिष्ठ नेता नरेन्द्र राजानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुजर, कमल पंजाबी, संजय रामखयानी, विक्की गुरनानी, उदय पाटिल, योगेश म्हात्रे, विनायकी पाटिल, जय शर्मा, भगवान परदेशी, भावेश टोल, सूर्यकान्त तरे, पिंकी सिंह, सुनीता चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता शामिल हुए थे।

# पार्किंग विवाद में युवक पर घातक हमला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला करने की घटना हुई है, पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. अजय थोराट ने बुधवार रात करीब 10 बजे उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास अपनी बाइक खड़ी की थी, पार्किंग विवाद के चलते तीन से चार लोगों के अज्ञात गिरोह ने अजय पर चाकू से हमला कर दिया सीसीटीवी कैमरा, अब विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# अंबरनाथ में अभी तक किसी को भी नहीं बांटा वोटर स्लिप

## ■ उल्हासनगर में 22% को वोटर स्लिप मिल गई है



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मतदार संघ में अभी तक बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वोटर स्लिप बांटी नहीं गई है. जबकि ठाणे जिले में 35% वोटर स्लिप मतदाताओं को मिल चुकी है. लोकसभा चुनाव में भी 50% मतदाताओं को बीएलओ ने वोटर स्लिप मतदाताओं को घरों तक नहीं पहुंचाया था. जिसकी कई नेताओं द्वारा शिकायत करने के बावजूद इस विधानसभा चुनाव में भी अभी तक किसी को भी वोटर स्लिप नहीं मिल सकी है. मतदाताओं को स्लिप नहीं मिलने से उन्हें मालूम नहीं हो रहा है कि उनका मतदान बूथ कहां है और वोटिंग लिस्ट में उनका नाम है भी या नहीं. जबकि अंबरनाथ मतदार संघ में 3 लाख 74 हजार 664 मतदाता हैं. रिपोर्ट के अनुसार अभी तक वोटर स्लिप बीएलओ ने मतदाताओं के घरों तक पहुंचाया नहीं है. जब कि पड़ोस के शहर उल्हासनगर मतदार संघ में 22.7% लोगों यानी 2 लाख 83 हजार 379 मतदाताओं में से 64 हजार 312 मतदाताओं को वोटर स्लिप मिल चुकी है. मुरबाड मतदार संघ जिसमें पड़ोस के शहर बदलापुर का भी समावेश है, यहां पर 38 फीसदी मतदाताओं तक स्लिप पहुंच चुकी है. फिर अंबरनाथ मतदार संघ में ऐसा क्या हो रहा है कि अभी तक मतदाताओं को स्लिप नहीं मिली है. इसकी जांच करने की मांग मतदाता कर रहे हैं. अंबरनाथ के नेता भी चुप हैं जबकि मतदान के लिए केवल चार दिन रह गए हैं.

# शीलफाटा में गाड़ी से 5.55 करोड़ कैश जब्त

## ■ ठाणे में एसएसटी का बड़ा एक्शन



**कल्याण.** महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव के लिए वोटिंग 20 नवंबर को होगी। चुनाव पूरी तरीके से पारदर्शी हो, इसको देखते हुए चुनाव आयोग लगातार सख्ती बरत रहा है। इस बीच चुनाव आयोग की एक स्थिर निगरानी टीम (एसएसटी) को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक वाहन से 5.55 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इस बात की जानकारी कल्याण ग्रामीण विधानसभा प्रभाग के चुनाव निर्णय अधिकारी विश्वास गुजर ने मीडिया को दी।

### इतने पैसे कहां जा रहे थे नहीं मिली जानकारी

इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी विश्वास गुजर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थिर निगरानी टीम सुबह शिलफाटा क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान टीम के अधिकारियों ने एक वाहन को रोका और उसमें 5.55 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। वहीं, निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार लोग इतनी बड़ी रकम लेकर कहां जा रहे थे इस बात को बताने में वे असफल रहे। कैश के विवरण से संबंधित कोई कागजात भी उनके पास नहीं मिला।

संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने बताया, चूंकि यह राशि 10 लाख रुपये की स्वीकार्य सीमा से अधिक थी, इसलिए मामले को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया गया।

उन्होंने आगे कहा, एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नकदी की जांच की गई और बाद में आयकर विभाग के अधिकारियों ने इसे जब्त कर लिया। धन के स्रोत का पता लगाने और इसके इच्छित उपयोग का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### एजेंसियों ने बढ़ाई सतर्कता

गौरतलब है कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में चुनाव होने को है। इससे पहले प्रवर्तन एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। साथ में स्थैतिक निगरानी दल, उड़न दस्तों और अन्य निगरानी इकाइयों ने बेहिसाब धन, शराब और अन्य प्रलोभनों की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों की जांच तेज कर दी है।

## 18 और 19 नवंबर को स्कूल खुले रहेंगे

**मुंबई.** राज्य में 18 और 19 नवंबर को स्कूल खुले रहेंगे। कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। शिक्षा आयुक्त सूरज मंधारे ने बताया कि चुनाव कार्य में सभी शिक्षकों की नियुक्ति के कारण यदि कोई भी शिक्षक स्कूल में उपलब्ध नहीं है, तो ही प्राचार्यों को स्थानीय स्तर पर अपने अधिकार क्षेत्र में संबंधित स्कूलों के लिए अवकाश घोषित करने का निर्देश है। शिक्षा आयुक्तालय ने 18, 19 और 20 नवंबर को स्कूलों में अवकाश देने का प्रस्ताव शिक्षा विभाग को सौंपा था। इसके अनुसार शिक्षा विभाग के उप सचिव तुषार महाजन ने परिपत्र के माध्यम से शिक्षा आयुक्त को निर्देश

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## UPPSC की परीक्षाओं में बदलाव


उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा है तो जाहिर है कि परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित उनकी मांगें उचित थीं। हैरानी की बात है कि उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के पास इतना बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन पर सवाल उठते हैं, उसके प्रश्न-पत्र भी बार-बार लीक हो जाते हैं। नतीजतन, उसे परीक्षाएं रद्द करनी पड़ती हैं। अगर विद्यार्थी एक दिन में या एक पाली में परीक्षाएं कराने की मांग कर रहे हैं, मानकीकरण के पैमाने पर सवाल उठा रहे हैं, तो इस पर विचार करने में सरकार को इतनी देर लगाने की जरूरत क्यों पड़ी?

परीक्षा के जिन पहलुओं के बारे में आयोग को पहले से पता होना चाहिए था, वे उसे आंदोलन के बाद क्यों समझ में आए? क्या आयोग को अपनी सुविधा से अधिक परीक्षा की पारदर्शिता और विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता नहीं करनी चाहिए? फिलहाल आयोग ने विद्यार्थियों की मांगों पर सकारात्मक फैसला लेकर एक जरूरी कदम उठाया है। इतना साफ है कि आयोग ने अपना फैसला बदला है, तो विद्यार्थियों की मांगों के पीछे ठोस आधार था। हालांकि आरओ और एआरओ परीक्षा टाले जाने और इसके लिए एक समिति बनाने के निर्णय से छात्र निराश हैं। दरअसल यह तय नहीं है कि समिति इस मसले पर अपनी रपट कब देगी। इसलिए ऐसा लगता है कि विद्यार्थियों और आयोग के बीच अभी गतिरोध बना रहेगा। सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं और उनके परिणाम को लेकर अभ्यर्थियों या विद्यार्थियों से धैर्य रखने की उम्मीद करती है। मगर विद्यार्थी भी यह अपेक्षा करते हैं कि परीक्षाओं में शुचिता कायम रहे और ये बार-बार रद्द न हों या पर्चाफोड़ जैसी स्थितियां पैदा न हों।

जब ऐसा नहीं होता तो उनके भीतर क्षोभ पैदा होता है। इस बार विद्यार्थी इसलिए भी नाराज थे कि परीक्षाएं दो पालियों में हो रही थीं और वे प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन कराने की मांग पर अडिग थे। उन्हें यह भी लग रहा था कि 'नार्मलाइजेशन' के फार्मूले से उन्हें काफी नुकसान होगा और बहुत कुछ आयोग के हाथ में चला जाएगा। वैसे भी यह प्रक्रिया जटिल है। इस समूचे मामले में आयोग की जो भी दलील हो, लेकिन इसकी आड़ में उसे लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए!

# राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव

समकालीन भारतीय राजनीति में दलबदल एक ऐसी दलदल है जिसमें लगभग हर कोई राजनीतिक दल धंसा हुआ है। ज्यादा दूर न जाएं तो चाहे अप्रैल से जून तक चले लोकसभा के चुनाव हों या बीते दिनों हुए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव से लेकर इन दिनों चुनावी प्रक्रिया का सामना कर रहे महाराष्ट्र-झारखंड का उदाहरण लें तो कुछ नेताओं को लेकर आपको दुविधा हो सकती है कि वे इन दिनों किस पार्टी के साथ जुड़े हैं। दोनों राज्यों में सभी दल असंतुष्ट और बागी प्रत्याशियों से जूझ रहे हैं। असल में नेताओं और दलों ने दलबदल को इतना सामान्य बना दिया है कि मानो यह कोई मुद्दा ही नहीं है। हालांकि ऐसा है नहीं। चाहे नैतिकता का तकाजा हो या फिर आदर्श राजनीतिक व्यवस्था की बात करें तो दलबदल की यह परिपाटी राजनीतिक तंत्र में भरोसे और विश्वसनीयता का सवाल निश्चित रूप से उठाती है। इस बहस में पहला प्रश्न तो यही कौंधता है कि आखिर हमारी व्यवस्था में यह सिलसिला क्यों कायम है? इसके उत्तर की पड़ताल करें तो उसमें राजनीतिक एवं चुनाव सुधारों का अभाव दिखेगा। हमारे कुछ नेताओं की निहित स्वार्थ से प्रेरित वह मानसिकता भी इसके मूल में है जो किसी भी स्थिति में सत्ता में भागीदार न सही तो कम से कम उसके करीब जरूर रहना चाहती है।



दलबदल अमूमन दो तरह से होता है। एक तो चुनाव से पहले और दूसरा चुनाव के बाद। स्वाभाविक है कि चुनाव में टिकट से वंचित रह जाने की स्थिति में लोग पाला बदल लेते हैं। हालांकि इसके उतने खतरे नहीं, क्योंकि चुनाव से पहले ही मतदाताओं के समक्ष स्थिति स्पष्ट रहती है कि कौन किसके पाले में है। दोनों स्थितियों में चुनाव बाद होने वाला दलबदल कहीं अधिक गंभीर प्रकृति का है, क्योंकि उसमें मतदाताओं के साथ छल होने का जोखिम अधिक रहता है। शायद यही कारण रहा कि चुनाव बाद होने वाले दलबदल पर अंकुश के लिए वर्ष 1985 में राजीव गांधी सरकार ने दलबदल निरोधक कानून बनाया, जिसे 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने और सशक्त बनाने का काम किया। इससे चुनाव बाद दलबदल की समस्या का कुछ हद तक समाधान अवश्य हुआ, लेकिन उसका पूरी तरह निराकरण नहीं हो पाया। नेताओं ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। चूंकि दलबदल के लिए एक निश्चित संख्या की आवश्यकता होती है तो उसका बंदोबस्त करने के बाद अब यह कहीं अधिक संस्थागत रूप से होने लगा है। यहां तक कि निर्वाचन के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन की अपनी सदस्यता से इस्तीफा देकर बहुमत के आंकड़े को ही विरूपित कर दिया जाता है। उसके बाद उपचुनाव से चुनावी प्रक्रिया और भी बोझिल होने लगी है। वहीं एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले गठबंधन के दल भी जब सत्ता की खातिर अपनी राह अलग कर लेते हैं तो वह भी जनमत और जनादेश के साथ एक प्रकार का छल होता है। दलबदल की समस्या समय के साथ और विकराल हुई है तो उसके सबसे अधिक दोषी हमारे राजनीतिक दल हैं। छोटी पार्टियां तो निजी जागीरों की तरह चलाई ही जा रही हैं, मगर बड़े दलों की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं। बड़ी पार्टियों का नेतृत्व भी हद से अधिक केंद्रीकृत हो चला है। आंतरिक लोकतंत्र भी आदर्श अवस्था में नहीं है। प्रत्याशी चयन की सुनिश्चित प्रक्रिया नहीं है। टिकट वितरण में पार्टी कार्यकर्ता की कर्मठता एवं समर्पण सरीखे पहलू अक्सर गौण हो जाते हैं। उसमें केवल जिताऊ कोण पर ही पूरा जोर दिया जाता है। ऐसे में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को किनारे करके धनबल, बाहुबल और जातीय-धार्मिक पहलुओं को प्राथमिकता दी जाने लगी है। खासतौर से चुनाव जितने खर्चीले होते जा रहे हैं, उसे देखते हुए धनबल की महत्ता बढ़ती जा रही है। ऐसे में धनाढ्य प्रत्याशियों को तरजीह मिलने लगी है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम सारे संसार को तो नहीं बदल सकते, लेकिन हम अपने व्यक्तिगत संसार को अवश्य बदल सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# दिल्ली में हवा हुई जहरीली, कब जागेगी सरकार?

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की हवा हर अगले वर्ष जिस हालत में जा रही है, उससे साफ है कि यहां इस समस्या पर काबू पाने के सरकारी दावे सिर्फ हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर इस स्थिति में पहुंच चुकी है कि यह न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी विषय बन गया है। गुरुवार को समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा और जहरीली हो गई और लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पास यानी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में भी दिल्ली के प्रदूषण के मसले पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की। यह स्थिति तब है, जब इस मौसम में यानी ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली के ज्यादातर लोगों को हर वर्ष धुंध, धुएं की चादर और हवा में विषाक्त तत्त्वों के घुलने की वजह से बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

पिछले कई वर्षों से दिल्ली में लगातार यही तस्वीर बनी हुई है कि दिवाली और ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण इस कदर बढ़ने लगता है कि कई स्तरों पर आम जनजीवन तक बाधित होने लगता है। एक ओर वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से हवा ऊपर नहीं उठ पाती, दूसरी ओर ज्यादातर लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में से वैसे काम कम से कम कुछ दिन रोक देना जरूरी नहीं लगता, जिसकी वजह से हवा में प्रदूषण तत्त्व घुल जाते हैं। हालांकि इसका खमियाजा उन्हें ही



उठाना पड़ता है। अब एक बार फिर हालत हो चली है कि दिल्ली में सरकार को 'ग्रैप 3' स्तर की पाबंदियां लगानी पड़ी है। इसके तहत कई स्तर पर निर्माण कार्यों पर रोक के साथ-साथ वैसे वाहनों को यहां चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिनसे प्रदूषण की समस्या गहराने की आशंका हो।

पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं, हालांकि उनकी आनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। सवाल है कि जब हर वर्ष इन महीनों के दौरान दिल्ली में यह स्थिति पैदा हो जाती है तब सरकार को समय रहते पहले से ऐसे इंतजाम करना जरूरी क्यों नहीं लगता, जिससे अचानक ही आपात स्थिति की तरह प्रदूषण की रोकथाम के उपाय करने या विशेष नियम लागू करने की जरूरत पड़ जाती है। आखिर कृत्रिम वर्षा तक की जरूरत बताने की नौबत क्यों आती है?

यह समस्या बढ़ कर अब संकट की शक्ल ले चुकी है, मगर सरकार को अब भी दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारकों की ठीक-ठीक पहचान करना और उस पर काबू पाने के लिए पूर्व-इंतजाम करना जरूरी नहीं लगता है। बहुत सारे लोगों के बीच सुविधाओं के इस्तेमाल को लेकर जितनी सक्रियता दिखती है, उतनी ही संवेदनशीलता स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए प्रदूषण पर काबू रखने में अपनी सहभागिता को लेकर नहीं दिखाई देती। पराली जलाने और निर्माण कार्य जैसी गतिविधियों को कुछ समय के लिए अपनी ओर से टाला जा सकता है। निजी वाहनों और कार्बन पैदा करने वाली अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल सीमित किया जा सकता है। हालांकि अगर अगले कुछ दिनों में हवा चली तो प्रदूषण में कमी आ सकती है, लेकिन समय रहते इस संकट से निपटने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वक्त में कई तरह की जटिल स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

# वो कौन-सा एयरपोर्ट है, जो दुनिया में है सबसे बड़ा?

जरा हट के

दुनिया में कई ऐसे एयरपोर्ट हैं जो इतने बड़े हैं कि वहां पर अगर आप जाएं तो शायद गुम ही हो जाएं. इसी वजह से कई एयरपोर्ट्स को तो शहर के बाहर ही बसाया गया, जिससे उन्हें बड़े एरिया में बनाया जा सके. पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे छोटा एयरपोर्ट कौन सा है? आज हम जिस एयरपोर्ट के बारे में बताने जा रहे हैं, वो इतना बड़ा है कि उसके सामने मुंबई शहर भी बेहद छोटा है. शायद ही आप उसका नाम जानते होंगे.

हम जिस एयरपोर्ट की बात कर रहे हैं, उसका नाम है किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट जो साउदी अरब के दम्माम में मौजूद है. आपको जानकर हैरानी होगी कि ये एयरपोर्ट 776 स्क्वेयर किलोमीटर बड़ा है. वहीं मुंबई का क्षेत्रफल 603.4 स्क्वायर किलोमीटर बड़ा है. इस लिहाज से ये एयरपोर्ट मुंबई शहर से भी बड़ा है. किंग फहद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम किंग फहद बिन अब्दुलअजीज अल साउदी के




नाम पर पड़ा है जो साउदी अरब के पूर्व राजा थे.

ये एयरपोर्ट 1999 में शुरू हुआ था. कुछ न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार हर साल इस एयरपोर्ट पर करीब 2 करोड़ लोग आते हैं. यात्रियों के हिसाब से ये एयरपोर्ट दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है. ये एयरपोर्ट हर साल 1 लाख 25 हजार टन कार्गो हैंडल करता है. इस एयरपोर्ट में एक मस्जिद भी है, जिसमें करीब 2 हजार लोग आ सकते हैं. एयरपोर्ट पर दो पैरलल रनवे हैं जिनकी लंबाई 4 हजार मीटर और चौड़ाई 60 मीटर तक है. इस रनवे में दो बड़े प्लेन, एयरबस ए340-600 और बोइंग 747-400 तक आ सकते हैं.

इंस्टाग्राम अकाउंट @yah_itsayaz पर इस एयरपोर्ट से जुड़ी एक रील भी पोस्ट की गई है, जिसमें ये एयरपोर्ट के क्षेत्रफल की तुलना मुंबई के क्षेत्रफल से की गई है. इस वीडियो को 79 लाख व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. कई लोगों का कहना है कि जैसे ही सउदी अरब का तेल खत्म होगा, वैसे ही यहां का खेल खत्म हो जाएगा!

# हर तीसरा शख्स है इस बीमारी का शिकार



## अभी से न चेते तो होगी मुश्किल, लिवर के सबसे बड़े डॉक्टर एस. के. सरीन की चेतावनी



डॉ. शिव कुमार सरीन लिवर के सबसे डॉक्टर माने जाते हैं. वे समय-समय पर लिवर को लेकर आगाह करते रहते हैं. डॉ. सरीन ने रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज है.इसका मतलब यह हुआ कि आपके घर का हर तीसरा शख्स भी फैटी लिवर डिजीज के शिकार होंगे. दिल्ली में तो और भी बुरा हाल है. राजधानी दिल्ली में दो में से एक व्यक्ति को फैटी लिवर है.आमतौर पर इसके बारे में लोगों को पता नहीं होता है और लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन धीरे-धीरे लिवर में जब फैटी लिवर बढ़ता है तो यह भयंकर परेशान करता है. यह आपके पूरे सिस्टम को लुंज-पुंज कर देता है. फैटी लिवर के कारण इंसुलिन रेजिस्टेंस हो जाता है जिससे डायबिटीज की बीमारी होती है. वहीं मोटापा तो बढ़ता ही है. डॉ. एस के सरीन ने बताया कि फैटी लिवर डिजीज एक तरह से हमारे लिए फायर अलार्म है कि अभी मौका है संभलने का वरना बाद में बहुत दिक्कत हो जाएगी.

### क्यों होता है फैटी लिवर डिजीज...?

- एक इंटरव्यू में डॉ. एक. के सरीन कहते हैं हम जब खाते हैं तो उससे फैट, कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन आदि बनता है. ये सब आखिरकार लिवर में जाता है और लिवर इसे एनर्जी में बदल देगा. इसके बाद जो बचेगा उसे हार्मोन और एंजाइम में बदलेगा. इसके बाद जो बचेगा वह मसल्स में चला जाएगा. अगर इसके बाद भी एनर्जी बच जाती है जो कि फैट के रूप में रहती है तो यह लिवर में जमा होने लगता है. अगर यह ज्यादा जमा होने लगे तो यह फैटी लिवर डिजीज बन जाता है. इसमें यह अतिरिक्त फैट लिवर में घाव करने लगता है जो धीरे-धीरे विकराल रूप ग्रहण कर लेता है. इससे सिरोसिस और अंत में लिवर कैंसर भी हो सकता है. इसके कई कारण हो सकते हैं. ज्यादा कैलोरी लेना प्रमुख वजह है. यह कैलोरी जब खर्च से ज्यादा बनने लगे तो फैट बनने लगता है और लिवर में जमा होने लगता है. यही जान का दुश्मन बन जाता है.

### कैसे समझें कि फैटी लिवर डिजीज हो गया है

डॉ. सरीन के मुताबिक जब आपके शरीर में ज्यादा कैलोरी बनने लगेगी तो फैट में डिपॉजिट होने लगेगा और लिवर में जमा होने लगेगा. अगर लिवर में लिवर के वजन से 5 प्रतिशत ज्यादा फैट हो जाता है तो फैटी लिवर शुरू हो जाता है. 10 प्रतिशत से ज्यादा फैट फैटी लिवर डिजीज को जन्म देता है. 30 प्रतिशत से ज्यादा फैट ग्रेड टू लेवल का फैटी लिवर डिजीज है वहीं 50 प्रतिशत से ज्यादा फैट एडवांस स्टेज वाला फैटी लिवर डिजीज होता है. इससे लिवर छिलने लगता है और उसमें चारों तरफ घाव होने लगता है. फिर सिरोसिस और लिवर कैंसर भी हो सकता है. इसे बाहर से नहीं समझा जा सकता है. लिवर धीरे-धीरे हार्ड हो जाएगा और इसमें फाइब्रोसिस होने लगेगा. इसके लिए कुछ टेस्ट हैं जो डॉक्टर लिखते हैं. फिर पता चलता है कि किस स्टेज वाला फैटी लिवर डिजीज है.

### बीमारी होने पर क्या करें....?

- डॉ. सरीन कहते हैं कि इसके लिए सबसे पहला काम डाइट पर कंट्रोल करें. आज से ही प्रोसेस्ड फूड का सेवन छोड़ दें. प्रोसेस्ड फूड का मतलब हुआ खाने की वे चीजें जो फैक्ट्री में तैयार होती है और इसे बनाने के लिए कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजारना पड़ता है. उदाहरण के लिए पैकेट में बंद पैस्ट्रीज, बिस्कुट, चॉकलेट या ज्यादा दिन तक चलने वाली चीजें, मैदा से बनी चीजें, चीनी सबसे खतरनाक प्रोसेस्ड फूड है. डॉ. सरीन के मुताबिक यदि फैटी लिवर डिजीज से बचना है तो इंफ्लामेशन वाली चीजें को हाथ न लगाएं. पिज्जा, बर्गर, फास्ट फूड, जंक फूड, रेड मीट आदि इंफ्लामेशन वाली चीजें है. रिफाइंड वाली चीजें जैसे चिप्स, कुकीज, पैस्ट्रीज आदि इंफ्लामेशन वाली चीजें हैं. ध्यान रहें शराब भी बहुत खतरनाक प्रोसेस्ड फूड और इंफ्लामेशन वाली फूड है. इन सबकी जगह घर में कुदरती चीजों से पका हुआ खाना खाएं. रोजाना हरी पत्तीदार सब्जियां, पालक, गोभी, शिमला मिर्च, मछली, शकरकंद, ताजे फल, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, साबुत अनाज, सी*, नट्स, बादाम, अखरोट आदि का सेवन करें. डाइट के बाद एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है. आप जो एक्सरसाइज करते हैं वह एक्सरसाइज नहीं है. डॉ. सरीन कहते हैं कि ऐसा काम जिसमें जब तक पसीना न आए वो एक्सरसाइज नहीं हुई. जैसे यदि आप पैदल वॉक करते हैं यदि उसमें पसीना न आए तो उसका कोई मतलब नहीं है. खुद से ही एक्सरसाइज करें लेकिन मेहनत करके करें, तब फायदा है.

### किन लोगों को फैटी लिवर का ज्यादा खतरा है

वैसे तो हर तीन में से एक को फैटी लिवर डिजीज है इसलिए हर इंसान को यह समझना चाहिए कि उसे फैटी लिवर डिजीज हो सकता है. कुछ रिस्क फेक्टर है. अगर यह रिस्क फेक्टर व्यक्ति के साथ जुड़ा हुआ है तो ऐसे व्यक्तियों को फैटी लिवर का खतरा ज्यादा है. मसलन अगर किसी व्यक्ति के निकट खून वाले रिलेशन में किसी को पहले से फैटी लिवर है तो उसे इसका रिस्क ज्यादा है. इसके अलावा सबसे बड़ा कारण मोटापा है. अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 23 से 25 के बीच है तो उसे फैटी लिवर का ज्यादा खतरा है.अगर 25 से ज्यादा बीएमआई है तब तो निश्चित तौर पर फैटी लिवर है. वहीं जिसे डायबिटीज है, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल है, तो ऐसे व्यक्तियों को फैटी लिवर डिजीज का सबसे ज्यादा खतरा है. ऐसे व्यक्ति निश्चित रूप से लिवर की जांच करें और इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं.

# किचन सिंक से आ रही है दुर्गंध, ब्लॉकेज भी है

### आजमाएं ये आसान उपाय

किचन में डेली खाना बनता है. बर्तन गंदे होते हैं. उसे साफ करने के लिए किचन के सिंक में आप रखते जाते हैं. कुछ लोगों या घर के बच्चों की आदत होती है कि बर्तन में बचे भोजन, सलाद आदि चीजों को सीधा बर्तन में ही छोड़ देते हैं और ऐसे ही सिंक में डाल देते हैं. धीरे-धीरे ये भोजन सिंक के पाइप और नाली में जमा होने लगते हैं. रेगुलर साफ-सफाई ना की जाए तो सिंक से गंदी बदबू आने लगती है. क्या आपके किचन सिंक से भी दुर्गंध आ रही है? सिंक ब्लॉक होने की समस्या से परेशान रहते हैं. तो मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिंक से आने वाली बदबू और ब्लॉकेज को दूर करने के लिए आसान सा नुस्खा बताया है. चलिए जानते हैं क्या है वह देसी तरीका जो आपके किचन सिंक को कर देगा स्मेल फ्री.

### किचन सिंक से बदबू और ब्लॉकेज दूर करने का तरीका



- आपके सिंक से स्मेल आ रहा है और कई दिनों से पानी भी सही से जा नहीं रहा है. पूरा सिंक जाम होने के कारण उसमें पानी भरने लगता है. तो इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको प्लंबर को बुलाने की जरूरत नहीं. आपको कुछ चीजें चाहिए. संभवतः आपके पास ये घर में सामग्री हो.
- बेकिंग सोडा एक चौथाई कप लीजिए. एक चौथाई कप नींबू का रस और आधा कप सफेद सिरका यानी वाइट वेनेगर और एक जग गर्म पानी. इन चार चीजों के इस्तेमाल से ही आपके सिंक की ब्लॉकेज तो दूर होगी ही, बदबू भी गायब हो जाएगी.
- सबसे पहले सिंक में बेकिंग सोडा डालें. फिर इसके ऊपर नींबू का रस. इसे 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें. अब इसमें सफेद सिरका डाल दें. बबल निकले तो इसे कुछ सेकेंड सेट होने दें. अब ऊपर से आप एक जग भर कर गर्म पानी डाल दें. अब आप पानी चलाकर देखें. न सिर्फ ब्लॉकेज की समस्या होगी दूर, बल्कि सिंक से आ रही है सड़ी सी बदबू भी दूर हो जाएगी. इस आसान से नुस्खे को जरूर ट्राई करके देखिए. आपको कभी भी प्लंबर की जरूरत नहीं पड़ेगी.
- सिंक ब्लॉकेज और बदबू से बचने के लिए बेहतर है कि आप बर्तनों में बचे खाने की चीजों को डस्टबिन में डाल दें. महीने में सिंक की पाइप जरूर बदल दें, क्योंकि इसके अंदर काई और गंदगी की मोटी लेयर जमने से भी ब्लॉकेज की समस्या हो जाती है. सिंक में बर्तनों को दो-तीन दिनों तक न पड़े रहने दें. तुरंत बर्तन धोकर रख दें. सिंक को सर्फ, बर्तन धोने वाले लिक्विड से साफ-सफाई करते रहें. इससे कीटाणुओं का भी होगा सफाया.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# पालक स्टफ्ड अप्पे

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- 1 कप सूजी
- 1/2 कप दही
- 1/2 कप बारीक कटा हुआ पालक
- 1/2 कप उबले हुए कॉर्न
- 1 छोटी कद्दूकस की हुई गाजर
- 1/2 कप कटी हुई शिमला मिर्च
- 1 छोटा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 1 बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- 1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 1/4 चम्मच बेकिंग सोडा
- तेल (अप्पे पैन के लिए)

**बनाने का तरीका :**

स्पिनच स्टफ्ड अप्पे बनाने के लिए सबसे पहले सूजी का बैटर तैयार कर लें। इसके लिए एक बड़े बाउल में सूजी और दही डालकर अच्छी तरह फेंटकर बैटर को 15-20 मिनट के लिए ढककर अलग रख दें। ऐसा करने से सूजी फूल जाएगी और अप्पे सॉफ्ट और फ्लफी बनेंगे। इसके बाद अप्पों को कलरफुल बनाने के लिए उसके बैटर में पालक , उबले हुए कॉर्न, कद्दूकस की हुई गाजर, शिमला मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च और नमक डालकर



अच्छी तरह मिला लें। इसके बाद बैटर में बेकिंग सोडा डालकर एक बार फिर बैटर को हल्के से फेंटें ताकि अप्पे फूले हुए स्पंजी बनें। अब इस बैटर से तुरंत अप्पे बनाना शुरू कर दें। इसके लिए अप्पे पैन को मीडियम आंच पर गर्म करके प्रत्येक खांचे में थोड़ा सा तेल डालकर बैटर भरकर धीमी आंच पर पकने दें। जब निचली सतह हल्की सुनहरी हो जाए, तो चम्मच से पलटकर दूसरी तरफ से भी पकाएं। अप्पे जब पकर हर तरफ से सुनहरे और क्रिस्पी हो जाए तो समझ जाएं कि अप्पे पककर तैयार हो चुके हैं। इन्हें हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी से हानि होगी।

**वृषभ** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी।

**मिथुन** : घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या** : बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला** : सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**धनु** : किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। उपहार की प्राप्ति संभव है।

**मकर** : सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं।

**कुंभ** : आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन** : मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### तंबाकू व्यापारी ने खुद को गोली मार की आत्महत्या, कई दिनों से चल रहे थे बीमार

**वाराणसी.** वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के कई महल स्थित मकान में तंबाकू के थोक व्यापारी 47 वर्षीय विजय सिंह राठौर उर्फ बबलू ने शनिवार सुबह करीब 10:15 बजे लाइसेंसी पिस्टल से अपनी कनपटी में गोली मार ली। आनन फानन में परिजन उन्हें लेकर मलदहिया स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। विजय सिंह राठौड़ के परिवार में पत्नी और एक बेटा बताया जा रहा है। वह तंबाकू के थोक व्यापारी थे। कई दिनों से तनावग्रस्त थे। परिजनों के मुताबिक एक निजी अस्पताल से उनका इलाज भी चल रहा था। शुक्रवार सुबह रोज की तरह उठे और अपने कमरे में मौजूद थे। तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। पत्नी भाग कर कमरे में पहुंची तो लहुलूहान देख सन्न रह गई। चीखते हुए बाहर भागी। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। साथ ही उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। उधर, सूचना पर डीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एसीपी चेतगंज गौरव कुमार पहुंचे। मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### मारपीट कर महिला की हत्या, नेशनल हाईवे पर सूटकेस में मिला शव, फैली सनसनी

**हापुड़.** हापुड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर स्थित बाइपास की नीचे एक सूटकेस में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया गया कि मृतका के साथ मारपीट की गई है, उसके सिर में चोट के निशान है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर बाईपास के नीचे एक कालेज को जाने वाले मार्ग पर लोगों ने एक सूटकेस पड़ा देखा। सूटकेस के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ जितेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूटकेस की जांच की तो उसमें कपड़ों के साथ महिला का शव मिला। शव मिलते ही पुलिस में अफरा तफरी मच गई।

### आग में 10 नवजात बच्चों की मौत

**झांसी.** झांसी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वार्ड में लगी आग में 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई। हादसे में रेस्क्यू किए गए बच्चों में से सात की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस बीच मारे गए 10 बच्चों में से सात की पहचान कर ली गई है। अन्य तीन बच्चों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराई जाएगी। इसके अलावा विभागीय जांच भी कराई है। उन्होंने कहा कि इस घटना की तह तक पहुंचा जाएगा ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृति को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टयता पता चला है कि यह हादसा शार्ट सर्किट से हुआ।

# बुजुर्ग इंजीनियर को बिना पकड़े 19 दिन तक बनाए रखा 'बंधक'

- ठगे 10 करोड़
- आखिर क्या है ये डिजिटल अरेस्ट?

**नई दिल्ली.** एक 77 वर्षीय रिटायर इंजीनियर ने डिजिटल धोखाधड़ी के शिकार होने के बाद अपनी पूरी जमा पूंजी गवां दी। पीड़ित ने बताया कि यह धोखाधड़ी उनके साथ 25 सितंबर से 14 अक्टूबर के बीच हुई, जिसमें उन्हें मानसिक रूप से बंधक बनाकर उनके बैंक खातों से 10.3 करोड़ रुपये की रकम तीन बार में ट्रांसफर कराई गई। बुजुर्ग ने बताया कि यह मामला एक फोन कॉल से शुरू हुआ, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि उनकी आधार कार्ड जानकारी का इस्तेमाल करते हुए मुंबई से चीन भेजा गया एक पार्सल लौट आया है। जब उन्होंने पार्सल भेजने से इनकार किया, तो उन्हें एक वीडियो कॉल के जरिए मुंबई पुलिस के कथित अधिकारी से कनेक्ट किया गया।



### धोखाधड़ी का तरीका

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो कॉल पर एक व्यक्ति ने मुंबई पुलिस के प्रतीक चिन्ह के सामने बैठकर खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उसने बुजुर्ग को यह विश्वास दिलाया कि उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग हुआ है और इसे सत्यापित करने के लिए उनकी बैंक डिटेल चाहिए। बाद में, कॉल को एक अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर किया गया, जिसने खुद को वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी बताया।

कथित सीबीआई अधिकारी ने बुजुर्ग से कहा कि वे मामले को गोपनीय रखें और किसी को न बताएं, यहां तक कि अपने परिवार को भी नहीं। उन्हें कई दस्तावेज दिखाए गए, जिसमें एक कथित आधार कार्ड जानकारी और एक आदेश था जिसमें देश छोड़ने पर रोक लगाई गई थी। पीड़ित ने कहा, "उन्होंने मुझे डराया कि मेरा फोन सर्विलांस पर है और मेरे बच्चों पर भी कार्रवाई हो सकती है। मुझे विश्वास दिलाया गया कि यह जांच चल रही है और मैं किसी से बात नहीं कर सकता।"

25 सितंबर से 14 अक्टूबर तक, पीड़ित से तीन बार में 10.3 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए गए। 14 अक्टूबर को, ठगों ने उनके भाई का नाम घसीटा, जिसके बाद वे अपने भाई से मिलने गए। उनके भाई ने उन्हें यह एहसास दिलाया कि वे धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं।

#### डिजिटल अरेस्ट क्या है?

डिजिटल अरेस्ट एक नई प्रकार की साइबर ठगी है, जिसमें ठग किसी व्यक्ति को मानसिक और डिजिटल रूप से बंधक बनाने का प्रयास करते हैं। इसमें ठग झूठे दावे करते हैं, जैसे कि कोई कानूनी मामला दर्ज होना, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाना, या आपके आधार कार्ड और बैंक डिटेल्स के गलत इस्तेमाल की शिकायत। वे अपने आपको पुलिस, सीबीआई, या किसी अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डर पैदा करते हैं और पीड़ित को अपनी बातों में फंसा लेते हैं।

### पुलिस में शिकायत दर्ज

इसके बाद, पीड़ित ने रोहिणी साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि घटना के बारे में बात करने में भी डर लगा, क्योंकि ठगों ने उनके परिवार को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की IFSO इकाई मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। साइबर सेल ने लोगों से अपील की है कि वे अनजान कॉल्स पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें। यह घटना डिजिटल ठगी के बढ़ते मामलों की गंभीरता को दर्शाती है।

# TMC पार्षद को मारने आया शूटर

## गोली नहीं चली, पार्षद ने दौड़ाकर पकड़ा

- आरोपी बोला- किसी ने पैसा नहीं दिया, सिर्फ फोटो दी थी

**कोलकाता.** कोलकाता के कस्बा इलाके में तृणमूल कांग्रेस (TMC) पार्षद के मर्डर की साजिश नाकाम हो गई। वार्ड 108 के पार्षद सुशांत घोष शुक्रवार शाम अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान दो लोग स्कूटी पर आए। पीछे बैठे व्यक्ति ने घोष पर 2 बार फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली।

इस बीच सुशांत घोष शूटर को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े। शूटर ने स्कूटर पर भागने की कोशिश की, पर सुशांत ने उसके कपड़े पकड़कर खींच लिया। इस दौरान वह दोबार बचकर दौड़कर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया। घोष के घर पर CCTV लगा था और इसी में घटना कैद हो गई।



पकड़े जाने के बाद शूटर से कैमरा के सामने पूछा गया कि उसे किसने हायर किया है। इस पर शूटर ने कहा कि उसे किसी ने पैसा नहीं दिया, सिर्फ फोटो दी गई और कहा कि इसका मर्डर करना है। पुलिस ने बताया कि इसके पीछे स्थानीय लोगों का हाथ हो सकता है। आशंका है कि दुश्मनी के चलते किसी ने बिहार के शूटर को हायर किया होगा।

घोष ने कहा कि उन्हें कोई आइडिया नहीं है कि मर्डर की प्लानिंग किसने की होगी। उन्होंने कहा, 12 साल से पार्षद हूं। कभी नहीं सोचा था कि मुझ पर कोई हमला कराएगा। मेरे इलाके में मेरे घर के सामने ऐसा होगा, ये तो कभी नहीं सोचा था।

# दिल्ली में AQI-440 पार

- सरकारी ऑफिस की टाइमिंग बदली
- स्कूलों में 6th क्लास से मास्क अनिवार्य
- मेट्रो के फेरे बढ़े ताकि निजी वाहन कम चलें

**नई दिल्ली.** दिल्ली में शनिवार सुबह भी प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली के 10 से ज्यादा स्टेशंस पर सुबह 7 बजे AQI 400+ दर्ज किया गया। जहांगीरपुरी में AQI सबसे ज्यादा 445 तक पहुंचा। प्रदूषण को देखते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने सरकारी ऑफिसों के लिए नए समय की घोषणा की। केंद्र सरकार के दफ्तर सुबह 9 से शाम 5:30, दिल्ली सरकार के दफ्तर 10 से शाम 6:30 और MCD के दफ्तर 8:30 से शाम 5 बजे तक चलेंगे।

दिल्ली के सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में ऑनलाइन क्लास चलाने का ऐलान शुक्रवार को ही कर दिया गया था। अब छठी से 12वीं तक के स्कूलों के लिए मास्क अनिवार्य करने का फैसला लिया गया है।

सरकार ने लोगों से निजी वाहन न चलाने की अपील की है। इसके लिए 106 अतिरिक्त क्लस्टर बसें और मेट्रो के 60 और फेरे बढ़ाए गए हैं, ताकि लोग प्राइवेट व्हीकल का कम इस्तेमाल करें। एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने NCR यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने पर भी रोक लगा दी है।

#### निर्माण, खनन और तोड़फोड़ पर रोक रहेगी

दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में BS-3 पेट्रोल और BS-4 डीजल 4 पहिया वाहन नहीं चलेंगे। उल्लंघन पर 20 हजार रुपए का फाइन लगाया गया है। दिल्ली में BS-3 डीजल के इमरजेंसी व्हीकल के अलावा इस स्तर के सभी मीडियम गु* व्हीकल पर रोक रहेगी। इसके अलावा मशीन से सड़कों की सफाई की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने और हैवी ट्रैफिक वाले रूट पर पीक आवर से पहले पानी का छिड़काव करने जैसे उपाय किए जाएंगे। सभी प्रतिबंध और उपाय 15 नवंबर सुबह 8 बजे से लागू होंगे। इन्हें ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) के तीसरे फेज के तहत लागू किया जा रहा है।

# असम में कुकी समुदाय के लोगों पर पुलिस का लाठीचार्ज

- जिरीबाम में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों का शव लेने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे

असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (SMCH) के बाहर पुलिस और कुकी समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया।

दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 उग्रवादियों के परिजन उनके शव मांगने के लिए अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

असम पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शव मणिपुर पुलिस को सौंपे जाएंगे, लेकिन परिजन शव वहीं सौंपे जाने की मांग करते हुए पत्थरबाजी पर उतर आए।

इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके बाद हालात काबू में आए और परिजन मणिपुर पुलिस से शव लेने पर सहमत हुए। अब शवों को मणिपुर के चुराचांदपुर एयरलिफ्ट किया जा रहा है।



#### 11 नवंबर को मारे गए थे 10 कुकी उग्रवादी

मणिपुर के जिरिबाम जिले में 11 नवंबर को CRPF जवानों ने एनकाउंटर में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया था। घटना दोपहर 2.30 बजे बोरोबेकेरा के जकुराडोर करोंग इलाके में हुई थी।

यहां के पुलिस स्टेशन और CRPF चौकी पर इन उग्रवादियों ने हमला किया था। जवाबी कार्रवाई के दौरान CRPF का एक जवान घायल हो गया, उसका असम के सिलचर में इलाज जारी है। ये इलाका असम सीमा से लगा हुआ है। पुलिस स्टेशन के नजदीक ही मणिपुर हिंसा में विस्थापित लोगों के लिए एक राहत शिविर है। यहां रह रहे लोग कुकी उग्रवादियों के निशाने पर हैं। शिविर पर पहले भी हमले हो चुके हैं। एहतियातन इस इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई और अगले आदेश तक कर्फ्यू लगाया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक उग्रवादी सैनिकों जैसी वर्दी पहने थे। इनके पास से 3 AK राइफल, 4 SLR, 2 इंसास राइफल, एक RPG, 1 पंप एक्शन गन, बीपी हेलमेट और मैगजीन बरामद हुई हैं।

# CG-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़...5 नक्सली ढेर

- जवान की जांघ से आर-पार हुई गोली
- एक के सिर पर लगी चोट
- रायपुर एयरलिफ्ट किए गए

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर की सरहद से लगे महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 5 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। मुठभेड़ अब भी जारी है। वहीं दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है। डॉक्टर के मुताबिक, एक जवान की जांघ से गोली आर-पार हो गई है। वहीं दूसरे के सिर पर चोट लगी है। फिलहाल दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है।

कांकेर SP आईके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। बस्तर के लगभग सभी जिलों के DRG जवान और महाराष्ट्र के C-60 कमांडोज ने नक्सल संगठन के सेंट्रल कमेटी मेंबर अभय को घेरने बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया है।

घायल DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) जवानों के नाम

1. खिलेश्वर गावड़े
2. हीरामन यादव

खिलेश्वर गावड़े के हाथ और सिर पर चोट के निशान हैं। हीरामन यादव के दोनों पैर पर जख्म हैं।

#### सुबह 8 बजे से रुक-रुककर फायरिंग


नारायणपुर और कांकेर से लगे उत्तरी अबूझमाड़ में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर DRG, STF, BSF की संयुक्त टीम को रवाना किया गया था, सुबह 8 बजे से यह मुठभेड़ शुरू हुई थी, करीब 3 घंटे से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं नक्सली इस इलाके से महाराष्ट्र की ओर भाग न जाएं इसके लिए कांकेर जिले से लगे गढ़चिरौली इलाके में सी-60 कमांडो को तैनात किया गया है।

# बिजनौर सड़क हादसा, दूल्हा-दुल्हन समेत 7 की मौत

- झारखंड से शादी कर लौट रहे थे

**बिजनौर.** UP के बिजनौर में झारखंड से शादी कर लौट रहे दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत हो गई।

हादसा शुक्रवार देर रात 2 बजे नेशनल हाईवे-74 पर हुआ। परिवार झारखंड से आ रही ट्रेन से लौट रहा था। सभी लोग मुरादाबाद स्टेशन पर उतरे और वहां से ऑटो में बिजनौर के धामपुर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। ऑटो सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे की जगह से दूल्हे का घर सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। SP अभिषेक ने बताया- घने कोहरे के कारण हादसा हुआ है।



- हादसे में 10 साल की बच्ची की भी मौत

बिजनौर के तिबड़ी गांव निवासी खुर्शीद अपने बेटे विशाल की शादी करने झारखंड गए थे। शादी 14 नवंबर को थी। शादी करके शुक्रवार को परिवार के साथ गांव लौट रहे थे। उनके साथ विशाल, उसकी पत्नी खुशी, मौसी रूबी, मौसा मुमताज, मौसेरी बहन बुशरा के अलावा परिवार के दो लोग थे। हादसे में खुर्शीद (65), विशाल (25), खुशी (22), मुमताज (45), रूबी (42), बुशरा (10) और ऑटो चालक अजब की मौत हो गई।

### जब अपनी ही शोकसभा में जिंदा पहुंच गया शख्स

**मेहसाणा.** गुजरात से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां एक शख्स अपनी ही शोकसभा में जिंदा पहुंच गया। घटना मेहसाणा जिले की है जहां 43 साल के शख्स ब्रिजेश सुथार को मृत समझकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन उसके परिवार वाले उस वक्त हैरान रह गए जब वह अपनी ही शोकसभा में जिंदा पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक बृजेश कुछ दिनों से मेंटल हेल्थ की समस्या और वित्तीय तनाव से जूझ रहा था। इस बीच 27 अक्तूबर को वह अहमदाबाद के नरोदा स्थित अपने आवास से गायब हो गए। परिवारवालों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। इसके बाद 10 नवंबर को पुलिस को साबरमति ब्रिज के पास एक शव मिला। ब्रिजेश के साले और अन्य रिश्तेदारों ने गलती से शव की पहचान बृजेश के रूप में कर दी। इसके बाद उन्होंने शव का अंतिम संस्कार किया और 14 नवंबर को शोक सभा रखी थी.

# IPL ऑक्शन में बिहार के 13 साल के वैभव



- सचिन से भी कम उम्र में रणजी में किया था डेब्यू
- एक साल में 49 शतक

**बि**हार के समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी इस बार IPL ऑक्शन में शामिल होंगे। IPL गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी की गई ऑक्शन लिस्ट में उनका नाम शामिल है। वैभव अभी सिर्फ 13 साल के हैं। वे रणजी ट्रॉफी, हेमन ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी खेल चुके हैं।

वैभव का चयन जूनियर इंडियन क्रिकेट टीम में हो चुका है। वे इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 सीरीज में टीम का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैभव ने महज 58 गेंदों में ही शतक जड़ दिया था। इस पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के लगाए थे। वैभव लेफ्ट हैंडर बैटर हैं।

#### सचिन से भी कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी

हाल ही में वैभव ने पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में बिहार और मुंबई के बीच रणजी ट्राफी में डेब्यू किया था। तब उनकी उम्र सिर्फ 12 साल 9 महीने 14 दिन की थी। वैभव सबसे कम उम्र में रणजी में डेब्यू करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। उनसे कम उम्र में अलीमुद्दीन ने (12 साल, 2 महीने 18 दिन) डेब्यू किया था। सचिन तेंदुलकर ने 15 साल और 7 महीने 22 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

#### किसान के बेटे हैं वैभव


पिता संजीव सूर्यवंशी ने बताया कि वैभव का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था। मैं एक किसान हूं। शुरू से ही चाहता था कि मेरा बेटा एक क्रिकेटर बने। वैभव खाने के काफी शौकीन हैं।

# देश में सड़क हादसों में रोज 26 बच्चे मर रहे

- इनमें से 7 की जान ड्राइविंग करते गई
- 2023 में हेलमेट न पहनने से 54,568 मौतें हुईं

**नई दिल्ली.** बिना लाइसेंस 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए थमाने वाले माता-पिता के लिए यह महज खबर नहीं, बल्कि एक अलर्ट है। 2023 के दौरान हुए सड़क हादसों में 18 वर्ष से कम आयु के 9,489 बच्चों की मौत हुई यानी देश ने हर दिन 26 बच्चों को खो दिया। ये साल भर के हादसों में जान गंवाने वाले कुल लोगों का 5.49% है। दुखद पहलू यह है कि इनमें से 2,537 बच्चों की मौत ड्राइविंग (बिना लाइसेंस) करते हुए हुई यानी हर दिन करीब 7 'नाबालिग चालकों' ने जान गंवाई। हादसों में 4,242 बच्चों की मौत बतौर सवारी हुई, जबकि 2,232 बच्चों को पैदल चलते हुए सड़कों पर रौंद दिया गया।

सड़क परिवहन मंत्रालय की रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया-2023 रिपोर्ट के लिए जुटाए गए आंकड़ों में यह तस्वीर सामने आई। रिपोर्ट जल्द ही जारी होने वाली है। भास्कर ने अलग-अलग राज्यों से ये आंकड़े संकलित किए। इन आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में हेलमेट न पहनने के कारण 54,568 मौतें हुईं 2023 में बच्चों की मौतों की संख्या 2022 से कम



सड़क हादसों में बच्चों की मौतों की संख्या 2022 की तुलना में 39 कम है। 2022 के दौरान सड़क हादसों में 9,528 बच्चों की जान चली गई थी। देश में अब भी हर घंटे औसतन 55 सड़क हादसे हो रहे हैं। इनमें 20 लोगों की जान जा रही है। 2022 की तुलना में 2023 में सड़क हादसे 4.2% और मौतें 2.6% बढ़ी हैं। देश में सबसे अधिक 13.7% मौतें यूपी में हुईं और लगातार छठे वर्ष सड़क हादसों की संख्या में तमिलनाडु नंबर-1 रहा। वर्ष 2023 के दौरान सड़क हादसों में उम्र के हिसाब से देखें तो सबसे अधिक 66.4% मौतें 18-45 के आयु वर्ग में हुईं। कुल मौतों में 35 वर्ष से कम आयु वाले लोग 50.5% थे। सड़क हादसों में मारे गए लोगों में 31.5% शहरी और 68.5% ग्रामीण थे। 85.8% पुरुष और 14.2% महिलाएं थीं।

### पिता ने अपने ही 14 साल के बेटे की कर दी हत्या

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु में एक पिता ने अपने 14 साल के बच्चे को बेट और दीवार पर सिर पटककर उसकी हत्या कर दी। पिता अपने बेटे के पढ़ाई नहीं करने और मोबाइल की लत से परेशान था। बच्चे की हत्या करने से पहले पिता के आखिरी शब्द थे- तुम जियो या मरो, मुझे फर्क नहीं पड़ता है। इस घटना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई। पिता का नाम रवि कुमार और पुलिस ने मामला सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# राहुल बोले-मोदी बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं

## धारावी की जमीन अडाणी को देना चाहते थे, इसलिए महाराष्ट्र की सरकार चुराई

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा- नरेंद्र मोदी और BJP के लोग बंद कमरों में संविधान की हत्या करते हैं।

जब महाराष्ट्र की सरकार को चोरी करने की मीटिंग में अडाणी, अमित शाह और BJP के लोग बैठे थे, तब क्या वो संविधान की रक्षा कर रहे थे। आज पूरा महाराष्ट्र जानता है कि वो सरकार धारावी के कारण चोरी की गई, क्योंकि BJP-नरेंद्र मोदी धारावी की जमीन अपने मित्र अडाणी को देना चाहते थे।

दरअसल, महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि 2019 में भाजपा-NCP के बीच सरकार बनाने के लिए जो डील हुई थी उसके लिए कई बैठकें हुईं। इन बैठकों में उद्योगपति गौतम अडाणी भी शामिल थे।



महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। कांग्रेस महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सबसे ज्यादा 103 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

संविधान की किताब देश का DNA है। इसमें शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और अंबेडकर की सोच है, लेकिन भाजपा और RSS के लोग यह बात नहीं समझते हैं। उनके लिए यह खोखली किताब है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 4 दिन पहले प्रचार के लिए अमरावती पहुंचे राहुल गांधी ने कहा- संविधान की किताब हमारे लिए सिर्फ एक किताब नहीं है। इस किताब में जो लिखा है, उसके लिए हजारों साल से हिंदुस्तान में लोग लड़ रहे हैं और मर रहे हैं।

# क्या पीएम के लिए टॉयलेट भी रिजर्व!

## मोदी की तरह राहुल को लाउंज नहीं मिलने पर भड़के खरगे

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर झारखंड में उनके और राहुल गांधी के हेलीकॉप्टरों को देरी करने का आरोप लगाया। खरगे ने आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्री का दर्जा होने के बावजूद विपक्षी नेताओं को हवाई अड्डे के रिजर्व लाउंज में रुकने की इजाजत नहीं दी गई। खरगे ने पूछा कि क्या पीएम के लिए एक टॉयलेट भी रिजर्व किया जाना चाहिए।

दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को झारखंड के गोड्डा जिले में शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक रोके रखा गया। इस पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर रोकना राजनीति से प्रेरित थी। जबकि अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को लगभग दो घंटे तक देवघर हवाईअड्डे पर फंसे रहे। इस दौरान क्षेत्र के हवाई क्षेत्र में 'नो-फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया।



खरगे ने कहा कि कल हमारे नेता राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को जानबूझकर दो घंटे रोक कर रखा गया, क्योंकि पीएम अपने विमान में बैठे थे। आज मेरे हेलीकॉप्टर को 20 मिनट की देरी हुई क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उतर रहे थे। जबकि उनका रास्ता अलग था और मेरा अलग था।

खड़गे ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कैबिनेट मंत्री का दर्जा रखते हैं। लेकिन अधिकारी कहते हैं कि हवाई अड्डे का रिजर्व लाउंज प्रधानमंत्री मोदी के लिए है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या प्रधानमंत्री के लिए एक टॉयलेट भी रिजर्व किया जाना चाहिए।

घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा पर हमला करते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह इसे रोकने की शक्ति होने के बावजूद लोगों को डरा रहे हैं। क्या पीएम मोदी और अमित शाह सो रहे हैं? सत्ता में होने के बावजूद वे घुसपैठ क्यों नहीं रोक सकते? उन्होंने सवाल किया कि जब वे हेलीकॉप्टर रोक सकते हैं, तो वे घुसपैठियों को क्यों नहीं रोक सकते?

